**उमड़ी भीड़** पुलिस ने सिखाया सबक, प्रशासन ने किसानों को दी समझाइश, प्रातः 7 बजे से बंटने लगी थी खाद पर्ची

# ट्रक पर चढ़कर खाद लूटने की कोशिश




**नवभारत,तेंदूखेड़ा 11 अगस्त।** खाद के लिए किसान सोमवार सुबह 6 बजे ही सैकड़ों की संख्या में लाइन में लग गए थे. प्रशासन ने प्रात: 7 बजे ही खाद पर्ची बांटना शुरू कर दिया था, तभी 9 बजे खाद के चार-पांच ट्रक गोदाम में आए और खाद उतरने लगे. तभी जिन लोगों के पास खाद की पर्ची नहीं थी, वे किसी के कहने पर ट्रक पर चढ़कर खाद उतारकर भागने का प्रयास करने लगे, जिस पर अराजकता की स्थिति बन गई.

पुलिस ने किसानों को समझाइश देकर खाद की बोरियां वहीं रखवाई और किसानों की परेशानी को समझते हुए खाद गोदाम से तीन किलोमीटर दूर तहसील कार्यालय से लाइन में लगवाकर 1250 पर्चियां किसानों को बांट 2500 बोरियां बंटवाई गई.इस दौरान डिप्टी कलेक्टर, एडीएम अविनाश रावत, एसडीएम सौरभ गंधर्व, एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर, जनपद सीईओ मनीष बागरी, थाना प्रभारी नीतेश जैन सहित पुलिस बल, राजस्व अमला, जनपद के कर्मचारी मौजूद रहे।

### खाद की पर्ची बांटने में पुलिस-प्रशासन को आया पसीना

एसडीएम सौरभ गंधर्व, डिप्टी कलेक्टर, एडीएम अविनाश रावत, एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर,जनपद सीईओ मनीष बागरी, थाना प्रभारी नीतेश जैन सहित पुलिस बल, राजस्व अमला और जनपद अमला ने खाद की पर्चियां बंटवाई. किसानो की संख्या सैकड़ों में होने से पर्ची बांटने में भारी मशक्कत करनी पड़ी. सोमवार को प्रशासन के अधिकारियों ने डबल लॉक खाद गोदाम में खाद बांटने में हो रही परेशानी के चलते खाद की पर्ची तहसील कार्यालय से बांटी, जो खाद वितरण केंद्र से तीन किलोमीटर दूर है. जिन किसानों को पर्चियां बांटी गई, उनकी उंगली में इंक लगाई, जिससे वह दुबारा पर्ची न ले ।

### इनका कहना है



सुबह 9 बजे तक 1250 पर्ची किसानों को 2500 बोरी बांटी गई. इन्हें सोमवार को ही खाद मिली. जिन्हें सोमवार को खाद नहीं मिली उन्हें मंगलवार को खाद मिलेगी, जिससे किसानों को परेशानी नहीं होगी.

**मनीष बागरी**
**जनपद सीईओ**



खाद गोदाम में खाद वितरण के समय खाद के ट्रक आने पर जिन लोगों के पास खाद के कूपन नहीं थे, उन्होंने ट्रक से खाद निकालकर उठाने लगे, जिसपर पुलिस ने समझाइश दे कर वहीं रखवाई और कूपन तहसील कार्यालय से बंटवाए.

**देवी सिंह ठाकुर, एसडीओपी तेंदूखेड़ा**



## पौधों को अपना मित्र बनाए : डॉ. मलैया

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में मिशन ग्रीन के द्वारा पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. पूजा मलैया के द्वारा बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पौधों को अपना मित्र बनाने की बात कही।

उन्होंने बच्चों को न सिर्फ अपने घर में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया, बल्कि छात्र-छात्राओं से एक ऐसा समूह बनाने के लिए भी कहा जो अपने घरों में एक पौधा लगाएं. उन्हें मिशन ग्रीन टीम के द्वारा पौधे नि:शुल्क प्रदाय किये जाएंगे। प्रभारी प्राचार्य नाजिर खान ने जनहित में चल रहे मिशन ग्रीन की सराहना करते हुए डॉ. पूजा मलैया, मीरा मलैया व पौधा वितरित करने संस्था में उपस्थित समस्त मिशन ग्रीन टीम का आभार व्यक्त किया।

### समूह बनाने पर दी सहमति

कार्यक्रम में उपस्थित इलमा, रहनुमा, अंकित अहिरवार, प्रकाश, आयशा ने डॉ. पूजा मलैया की अपील पर समूह बनाने पर अपनी सहमति देते हुए इस कार्य को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## रानी अवंती बाई जयंती पर निकलेगी तिरंगा यात्रा



**16 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी किया जाएगा आयोजन : भाव सिंह**

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** आगामी 16 अगस्त को रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर होने वाले विशाल तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उक्त जानकारी सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला लोधी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष भाव सिंह लोधी, कार्यक्रम के संयोजक महिपाल सिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह लोधी ने दी। उन्होंने बताया कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर एक विशाल तिरंगा यात्रा स्थानीय तहसील ग्राउण्ड से निकाली जाएगी, जो विवेकानंद चौराहा, कोआपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, घंटाघर, अम्बेडकर चौराहा, कीर्ति स्तंभ, बेलाताल होते हुये जटाशंकर में रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समाप्त होगी। यह यात्रा लगभग 3 किलोमीटर की होगी रानी अवंती बाई की जयंती के अवसर पर ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंचीय कार्यक्रम में वीरांगना अवंती बाई लोधी के जीवन चरित्र पर एक सांस्कृतिक प्रस्तुत आयोजन किया जाएगा जिसमें रानी अवंतीबाई लोधी के ऊपर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी।

### हमें शिक्षा के जरिये आगे बढ़ना होगा : सत्येन्द्र

सत्येन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि रानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती के अवसर पर सभी लोग खासकर सर्व समाज, सर्व वर्ग और सभी दलों के नेता के साथ मंच साझा कर इस जन्म जयंती को मनाने जा रहे है। संदेश केवल एक यही है कि आजादी के पहले हम केवल तलवार से लड़ते थे और अब आजादी मिल गई है और यदि हमें सही आजादी जीवन में चाहिए है तो हमें पढ़, लिखकर कलम चला कर आजादी लेनी पड़ेगी।

## प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता दो चरण में होगी आयोजित

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** इस वर्ष भी मप्र राष्ट्र भाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन न्यास भोपाल द्वारा आयोजित प्रोत्साहन प्रतियोगिता 2025 युवा पीढ़ी को भाषा साहित्य और संस्कृति से जोड़ने हेतु समिति के मंत्री संचालक कैलाश पंत द्वारा गत बीस वर्षों से 9 से 12 वर्ष आयु के छात्र छात्राओं के लिए प्रतिभा प्रोत्साहन, प्रतियोगिताएं दो चरण में आयोजित की जा रही है।

इस वर्ष भी प्रथम शाला स्तर पर द्वितीय जिला स्तर पर होगी जिसकी सूचना शालाओं को दी जायेंगी। प्रथम कविता पाठ किसी विख्यात कवि की देशभक्ति की कविता द्वितीय भाषण प्रतियोगिता राष्ट्र का विकास युवा शक्ति तीसरी एकल लोक गीत प्रतियोगिता,चतुर्थ चित्रांकन से शब्दांकन, प्रतियोगिताएं भोपाल प्रांतीय संयोजक जया केतकी के आदेशानुसार शाला प्राचार्य को सूचनार्थ प्रथम 500रू., दूसरा 400रू तीसरा 300रु व स्मृति चिन्ह प्रमाण-पत्र प्रदान किए जांएगे यह निर्णय लिया गया, दमोह समिति संयोजक डॉ.प्रेमलता नीलम ने दी। अध्यक्ष पुष्पा चिले, उपाध्यक्ष पदमा तिवारी सह संयोजक करूणा खरे संरक्षक डॉ रघुनंदन चिले, श्याम सुंदर शुक्ला की उपस्थिति रही।



## रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया जाये : कोचर

**आवश्यक बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** रक्त के अभाव में किसी व्यक्ति की असमय मौत न हो इसके लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में एक आवश्यक बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने रक्त की मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अठया, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल व स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी व रक्तदाता विशेष रूप से मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि इस कार्य के लिये सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे को अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रतिदिन कितना रक्त दान में आ रहा है, रक्त किसको किसके द्वारा दिया जा रहा है, इसके संबंध में प्रतिदिन जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

### ब्लड के संबंध में आ रही शिकायत, कार्यवाही होगी

उन्होंने कहा कि रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया जाये और लोगों को यह भरोसा दिलाया जाये कि रक्तदान के बाद किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है, कुछ समय आराम करना और फिर काम पर चले जाना बस यही प्रक्रिया है। उन्होंने कहा जिले में कितने यूनिट रक्त की आवश्यकता प्रतिदिन पड़ती है उसके हिसाब से रक्त को एकत्रित करने की जवाबदारी भी तय की गई। बैठक में ब्लड के संबंध में आ रही शिकायत को लेकर भी कार्रवाई के संबंध में भी रूपरेखा तय की गई।




## शिविर में बनाए गए 62 आयुष्मान कार्ड

**बुधवार और गुरुवार को भी आयोजित होंगे कैंप**

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** जिले में ऐसे श्रमिक भाई और श्रमिक बहन जो दमोह में किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, बस स्टेशन या जबलपुर नाका एरिया में सुबह-सुबह मजदूरी के लिए जाते हैं और खड़े रहते हैं। उन सबके आयुष्मान कार्ड बनाने का काम जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा हैं।

इसी क्रम में सोमवार को आयोजित हुए आयुष्मान कैंप में आयुष्मान कार्ड बनाये गए। आयुष्मान कैंप का अवलोकन जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल व कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने किया। आयुष्मान कैंप अंतर्गत तीनगुल्ली चौराहा में 27 कार्ड, टॉकीज चौराहा में 20 कार्ड, जबलपुर नाका में 25 कार्ड बनाये गए।

## जनपद उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

**17 सदस्यीय जनपद पंचायत के 15 सदस्यों ने किया प्रस्ताव का समर्थन**

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** कभी जनपद अध्यक्ष की सजा के चलते तो कभी सजायाफ्ता होने के कारण रिक्त हुई जनपद सीट के उपचुनाव को लेकर सुर्खियों में रहने वाली हटा जनपद पंचायत एक बार फिर सुर्खियों में है. दरअसल हटा तहसील अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में 17 जनपद सदस्य शामिल हैं, जिसमें वर्तमान में उपाध्यक्ष पद पर राजकुमारी छिरोल्या मड़ियादो से निर्वाचित हुई है.

हटा जनपद के निर्वाचन उपरांत अब तक लगभग 3 वर्ष का समय बीत चुका है. 17 जनपद सदस्यों में से एक तिहाई से अधिक के बहुमत से 15 सदस्यों ने सोमवार शाम कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर उपाध्यक्ष राजकुमारी छिरोल्या के विरुद्ध शपथ पत्र के साथ अविश्वास प्रस्ताव का प्रारूप प्रस्तुत किया. जिस पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संज्ञान लेते हुए अविश्वास प्रस्ताव विहित अधिकारी एडीएम को मामला देखने को निर्देशित किया. जहां देर शाम तक 15 जनपद सदस्यों का वेरिफिकेशन हुआ।



### उपाध्यक्ष की कार्यशैली पर उठाए सवाल

दरसल अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सदस्यों का कहना है कि जनपद उपाध्यक्ष शिक्षा समिति की पदेन अध्यक्ष होती है. किंतु 3 वर्षों में उपाध्यक्ष ने एक भी बार शिक्षा समिति की बैठक आहूत नहीं की, जिससे लगातार तहसील में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई हैं. उपाध्यक्ष की कार्यशैली व तरीका जनपद सदस्यों के विश्वास योग्य नहीं रहा है, जिसके चलते वे अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये हैं. अभी तक की कवायद में फिलहाल नए उपाध्यक्ष का नाम लिफाफे में बंद है. देखने वाली बात ये होगी के अविश्वास प्रस्ताव के बाद नया उपाध्यक्ष किस खेमे से निकलकर आता है.

## गणेश राय जिला अध्यक्ष निर्वाचित

**रंगकर्मी राजीव अयाची बने प्रान्तीय कला संयोजक**

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** संस्कार भारती जिला इकाई की कार्यकारणी का गठन व काव्य संध्या का आयोजन शिल्पी नाट्य गृह में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष व्यंगकार डॉ. रघुनंदन चिले, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय कोषाध्यक्ष मदन पटेल जबलपुर, रबीस सोनी, कवियत्री डॉ. प्रेमलता नीलम, रंगकर्मी कमलेश यादव, अमर सिंह राजपूत, पीएस परिहार रहे। साधारण सभा में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश राय, उपाध्यक्ष सदन नेमा, कोषाध्यक्ष आराधना राय, महामंत्री पी.सी.शर्मा,मंत्री प्रो.डा. अनिल जैन, बी.एम. दुबे, दिनेश जैन-राही, प्रांतीय कला संयोजक रंगकर्मी राजीव अयाची साहित्य धरोहर संयोजक में डॉ रघुनंदन चिले, शिक्षाविद् डॉ. एनआर राठौर, पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रेमलता नीलम, इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, पीएसपरिहार, ओजेन्द्र तिवारी, विमला तिवारी को निर्वाचित किया गया।

### काव्य संध्या का किया गया आयोजन

संस्कार भारती के उद्देश्यों पर महाकौशल प्रांत के मदन पटेल ने प्रकाश डाला। काव्य संध्या में नगर के नामचीन शायरों एवं कवियों ने अपनी हिस्सेदारी की, जिसमें युवा शायर अब्दुल अनाम, शोएब, ताहिर दमोही, डॉ रघुनंदन चिले, पी.सी. शर्मा, नरेंद्र अरजरिया, आनंद जैन, दिनेश जैन राही, पीएस परिहार, बीएम दुबे, चन्दा नेमा, अमर सिंह राजपूत, ओजेन्द्र तिवारी, आराधना राय, आशीष तंतुवाय आदि ने एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ी.

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर चौकी के समीप ग्राम हलगज में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जिसे परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि मृतक नरेंद्र लोधी निवासी हलगज ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की।

### एड. राजेंद्र शुक्ला का निधन

**नवभारत,पथरिया 11 अगस्त।**



नगर के प्रतिष्ठित युवाओं के आदर्श, समाजसेवी, अच्छे मार्गदर्शक व अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ एडवोकेट पंडित राजेंद्र (गुड्डे) शुक्ला का सोमवार को सुबह करीब 8:45 बजे निधन हो गया, जिससे पूरे नगर व क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। उनका अंतिम संस्कार 2:30 बजे दमोह रोड मुक्तिधाम पथरिया में किया गया, जहां सभी वर्गों के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



## टोटी लगाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** हर घर तिरंगा हर घर जल व स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत जल निगम द्वारा आज दमोह विकास खंड के ग्राम अभाना, जबेरा व नोहटा में पेयजल संरक्षण के उदेश्य से नल कनेक्शनों में टोटी लगाने का कार्य एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्राम में तिरंगा रंगोली व संगोष्ठी कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल के द्वारा कनेक्शनों में टोटी लगाकर ग्रामीणों से पानी बचाने की अपील की गई व जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

**आयोजन** कुशवाहा समाज संगठन व कल्याण समिति ने निकाली लव-कुश की शोभायात्रा

## बच्चों को शिक्षित कर काबिल बनाना जरुरी : सांसद कुशवाहा






**नवभारत,दमोह 11 अगस्त।** जिला क्षत्रिय कुशवाहा समाज संगठन व कल्याण समिति द्वारा लव-कुश भगवान व सम्राट अशोक जन्म वर्ष उत्सव शोभा यात्रा में पथरिया, बटियागढ़, हटा, पटेरा जबेरा, दमोह, ब्लॉक के कुशवाहा समाज जेस्ट श्रेष्ठ चार हजार कुशवाहा सदस्यों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

इसमें मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा सांसद जौनपुर ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षित करना बेटी को पढ़ाना व काबिल बनाना जरुरी है। जिला अध्यक्ष ईश्वर दास साईं बाबा ने संबोधित करते हुए बताया कि समाज का उद्देश्य कुरीतियों को छोड़ना व मुख्य धाराओं से जोड़ना, जिला सचिव डालचंद कुशवाहा ने मंच संचालन करते हुये बताया एकता का परिचय देना पड़ेगा तभी समाज में हो रहे अत्याचार कम हो पाएंगे। जब तक समाज में नेता पैदा नहीं करेंगे तब तक जुल्म समाज के बीच होते रहेंगे।

### इन्होंने भी समाज को दिशा दी

समाज के पूर्व अध्यक्ष गोविंद राम कुशवाहा, भगवान दास कुशवाहा, मुकुंदी राम कुशवाहा, वर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहन मुकदम कुशवाहा, संयुक्त सचिव द्वारका कुशवाहा, कोषाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, युवा अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, पूर्व सचिव कमल कुशवाहा, बसंत कुशवाहा, फुटेरा से नन्हे भाई कुशवाहा, पथरिया से सोमनाथ कुशवाहा, शिव शंकर कुशवाहा, राघवेंद्र कुशवाहा, जनपद अध्यक्ष बटियागढ़ के मंगल कुशवाह, जनपद सदस्य कृष्ण कुमार कुशवाहा, लीलाधर कुशवाहा, प्रताप कुशवाहा, दमोह ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुशवाह ने भी इस दौरान अपने विचार रखें और समाज को किस दिशा में आगे बढ़ना है इसकी जानकारी दी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पथरिया ब्लाक के मनमोहन कुशवाहा, बटियागढ़ ब्लॉक के बलिराम कुशवाहा, हटा ब्लाक के नन्हे कुशवाहा, पटेरा ब्लॉक के रमेश कुशवाहा, देवनारायण कुशवाहा, डॉ. गंगाराम कुशवाहा, डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा, कृपाल कुशवाहा, सरपंच परसोत्तम कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा रामेश्वर कुशवाहा रिंकू कुशवाहा उत्तम कुशवाहा, थोक सब्जी विक्रेता संजू कुशवाहा, मनोहर मुनीम कुशवाहा, पूर्व पार्षद चेतराम, पप्पू कुशवाहा, युवा पूर्व अध्यक्ष परसोत्तम कुशवाहा, अभाना से सत्यनारायण कुशवाहा, जबेरा से वीर कुशवाहा, राजेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। युवा नेता योगेंद्र कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।